The राइज़िंग स्टेप

MPHIN/2017/74468

Struggle to Success 2

Scanned with OKEN Scanner

प्रदेश का लघु उद्योग इंडस्ट्री क्षेत्र

स्टार्टअप को संवारने वालों में ख्यात और सम्मानित शख्सियत दीपक भंडारी

बरसों से भारत को एक ग्लोबल मेन्युफ्रेक्चरिंग हब बनाये जाने के लिए प्रयास किए जा रहे थे, पर इन प्रयासों के लिए श्रीगणेश करने का कार्य माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के द्वारा "मेक इन इंडिया" से किया गया। इसके पश्चात तो देश में नित नए स्टार्टअप में से अनेक ऐसे बिजनेस थे जिन्होंने उस क्षेत्रमें क्रान्तिकारी परिवर्तन ला दिए या यूं कहे की आम

Scanned with OKEN Scanner

पिता का सहयोगी बन... किया कारोबारी जगत में प्रवेश

जनता की छोटी-मोटी समस्याओं का सरल तरीके से समाधान कर दिया। आज हम ऐसे ही एक स्टार्टअप को शुरू करने वाले दीपक जी भंडारी की बात कर रहे हैं। SADEE WORLD PVT. LTD. एक ऐसा स्टार्टअप है, जिसके उत्पाद ग्लोबल वार्मिंग को कम करने में सहायक है। साथ ही साथ हीट प्रूफिंग में बिजली और पानी की बचत, पृथ्वी के इकोसिस्टम में ओजोन परत को नुकसान से बचाकर पर्यावरण को सुरक्षित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं,,, जो जानते है आखिर क्या है ये उत्पाद और इसे बनाने वाले और शुरू करने के पीछे की कहानी...

मैं खुद को सौभाग्यशाली मानता हूँ कि मैने भारत भूमि में जन्म लिया। व्यक्तिगत रूप से मेरे मनपंसद कार्यो में समाज सेवा, राष्ट्र सेवा, लोक सेवा तथा पृथ्वी / प्रर्यावरण कल्याण से संबधित कार्य आते है। जिन्हें मै विभिन्न प्रकार की संस्थाओं और संगठनो के माध्यम से पूरा करता हूँ।

12 वी कक्षा के उपरान्त ही शुरू से पिता के व्यवसाय में हाथ बंटाया। Electroplating, बफिंग पोलिशींग तथा केमीकल और अन्य संबधित मटेरियल की Supply से कारोबार की शुरूआत की। फिर Pidilite Industries के Adhesives की बिक्री इन्दौर, देवास, पिथमपुर की फैक्ट्रीयों में की, साथ ही साथ Paint Industries का रॉ मटेरियल भी पूरे म.प्र. में Supply शुरू किया। 1996 में मेन्युफेक्चरींग के क्षेत्र में WPC-99 के नाम से वॉटरप्रुफिंग केमीकल का निर्माण, निर्यात और देशव्यापी Distribution शुरू किया। उसकी सफलता के बाद पिता के साथ मिलकर कन्सट्रक्शन केमीकल, पेंट एवं लिक्वीड क्लिनर के साथ ही विभीन्न प्रकार के रासायनिक उत्पादों का निर्माण किया। जापान, चीन, हांगकांग, दुबई, साउथ अफ्रिका, नेपाल इत्यादि कई देशों में व्यापारिक यात्राएं की तथा भारत के ग्रामीण क्षेत्रो

में Supply की चेन बनाई और सुचारू रूप से चलाई। विगत 34 वर्षो से पारिवारिक व्यवसाय में सलग्न रहा। मेन्युफेक्चरींग के साथ ही वॉटरप्रूफिंग, हिटप्रुफिंग, पेंटिंग, Epoxy Flooring में कई सरकारी एवं प्रायवेट तथा MNC कंपनियो के लिए Project Application Work भी किया गया सन 2023 में पुत्र यश भण्डारी के साथ मिलकर Sadee World नाम chemtech Start up शुरू किया। मात्र रू.25000 के निवेश से फ्रेंचाइजी के माध्यम से नवयुवको को रोजगार हेतु अवसर प्रदान किया गया है, बगैर रायल्टी एवं फीस के इस उपक्रम में मेरी पत्नी सपनाजी भण्डारी का भी सतत सहयोग प्राप्त हो रहा है।

व्यापरिक शुरुआत कैसे हुई

पिता के कारोबार में जुड़ा Electroplating और Industrial Adhesive ट्रेडींग से शुरूआत। 1994 में नए मकान गुमास्ता नगर, इन्दौर में वाटर लिकेज की समस्या हुई, जिसे पिता के द्वारा बनाये गये एक रसायन से हमनें समाधान किया और इस प्रकार एक नये व्यवसाय में मेरा पर्दाप्रण हुआ । जो आगे चलकर मेरा पुरा व्यवसायीक क्षेत्र बन गया ।

अब तक किन- किन क्षेत्रों में कार्य कर चुके है

अपने व्यवसाय से संबधित सभी प्रकार के कार्यो को मै करता हूँ, जैसे PWD और CPWD इत्यादि सरकारी, अर्द्ध सरकारी एवं प्रायवेट सेक्टर के कार्य, जिनमें CIVIL PROJECT JOB & APPLICATION WORK इत्यादि शामिल है। Construction Chemical, Paints, Epoxy Flooring Work, Industrial Adhesive and Cleaning Compound के मेन्युफेक्चरींग के साथ ही उनकी Trading, Distribution, Import Export सभी प्रकार के कार्य शुरू किये। 2009 में MSME फोरम बनाया, फिर 2018 में GFID, AITO बनाया। 2006 से International Rotary Foundation के लिए

Scanned with OKEN Scanner

कार्य। 2006 में एम.एस. एम.ई एक्ट बना। उसके बाद मैने 2009 में एम.एस.एम.ई फोरम बनाया और उद्योग और व्यापार के क्षेत्र में लोगो की मदद करना शुरू किया। रोटरी क्लब के माध्यम से सभी उम्र व तबको के असहाय लोगों की मदद शुरू की। जैन सोशल गुप्र के माध्यम से जैन परिवार को जोड़ा।

अपने स्टार्टअप को विस्तार से बताए

Chemtech Start Up कंस्ट्रक्शन केमिकल, पेंट एवं होमकेयर प्रोडक्टस के अलावा सभी प्रकार के एडेसिहइव की रेंज हम इन्दौर में ही अपने कारखाने में बना रहे है। साथ ही डीलरशीप एवं फ्रेंचाइजी के माध्यम से रोजगार निर्माण का कार्य कर रहे है। सिविल प्रोजेक्ट जाब वर्क के द्वारा वॉटरफिंग, हिटप्रूफिंग, पेंटिग एवं Epoxy / PU फलोरिंग एवं कोटिंग वर्क कर रहे है जो प्रर्यावरण हितेषी है एवं ग्रीन बिल्डींग सरचना को ध्यान में रखकर किया जाता है। हमारा उदेश्य है कि देश एवं विदेशो में मकानो एवं इमारतो का सरक्षण एवं सभी प्रकार की ऊर्जा व पानी की बचत करना है।

नया स्टार्टअप शुरू करने का उदेश्य

परिस्थितियाँ प्रतिकूल थी और केन्द्र तथा राज्य सरकारो द्वारा स्टार्टअप को खूब सहायाता प्रदान की जा रही थी। अतः शुरू करना लाभकारी लगा तथा इसके अलावा खुद को आजमाना, चुनौती स्वीकारना, काबलियत को साबित करना चाहता था।

आने वाले समय में बिज़नेस का रोल कितना बढेगा

जिस हिसाब से देश की जनसंख्या एवं कज्यूमर बेस बढ रहा है व्यवसाय बहुत तेजी से बढेगा एवं आने वाले 10 वर्षो में अभी से 100 गुना हो जायेगा ।

स्टार्टअप शुरू करने वालों को सुझाव

दूरदृष्टि लेकर चले कठिनाईया अपने आप दूर होगी। जो आपकी हॉबी हो उसी को व्यवसाय में बदले। विश्व में सबसे तेज गति से बढ़ती अर्थव्यवसथा भारत में अच्छी ग्रोथ है अभी।

स्टार्टअप शुरू करने में होने वाली कठिनाई

सबसे बडी कठनाई धन की होती है इसे या तो परिवार या यार दोस्तो के सहयोग से पूरा करें या फिर सरकारी फंडिग हेतु अप्लाय करें जिसे आने में देर हो सकती है इसके अलावा जो भी सरकारी कंम्लायंस है उसे समय पर पूरा करें ।

जीवन में जब आलोचना का सामना करना पड़ा हो।

सदैव, आलोचना ही आपको मजबूत बनाती है एवं नये रास्ते दिखाती है। इसके बावजूद सुनो सबकी करो अपने मन की।

Scanned with OKEN Scanner

कैरियर का सबसे चुनौती पूर्ण समय

सन 2016-17 में भारत सरकार ने लगातार एक के बाद एक आर्थिक नितीयो में परिवर्तन किये, साथ ही साथ नोटबंदी, जी.एस.टी. जैसे बडे परिवर्तन बहुत ही कम समय अंतराल में लागू कर दिये। हमारा व्यापार उस समय 80 प्रतिशत गाँव में था जहां बैंक खाते भी नही होते थे और बिल्डींग मटेरीयल व्यवसायी वेट टेक्स न. भी नही लेते थे, जिस वजह से हिसाब पूरा गडबडा गया और करोडो रूपयो का नुकसान हुआ उसके बावजूद मैने अपने पिता के साथ मिलकर कारखाने को चालू रखा किंतु नियती को कुछ और ही मंजूर था अचानक एक दीन रात को कारखाने में भंयकर आग लग गई केमीकल होने की वजह से आग सभी जगह फेल गयी हमारे गोडाउन, वेयर हाऊस, मशीनीरी तथा लेबोरेटरी सब कुछ जलकर खाक हो गया यह घटना अत्यंत ही हृद्रय विदारक थी एवं हमारे पूरे परिवार के लिये भंयकर संकट का समय था। बच्चे भी छोटे थे घर में कमाने वाला कोई नही था फिर माता पिता एवं पत्नि के मनोबल बढाने से हमने पुनः नये आत्मविश्वास के साथ फेक्ट्री को रिनोवेट किया मशीनो को चालू किया एवं परिवार रिशतेदार, डिस्ट्रीब्यूटर, सुपर स्टॉकिस्ट तथा दोस्तो के सहयोग से पुनः रॉ मटेरीयल जमा कर उत्पादन शुरू किया। किंतु भविष्य में आने वाली विपत्तीयों से हम सभी अंजान थे, जो कि कोरोना नामक वैश्विक महामारी के रूप में हमारे समक्ष खडी

Scanned with OKEN Scanner

हो गयी। इतनी विपरीत परिस्थितियाँ एक साथ आने के बावजूद ईश्वर कृपा एवं परिवार के सहयोग से हमने पुनः कारोबार व्यवस्थीत किया जो कि पूरी तरह से चौपट हो गया था। साथ ही पुत्र के कहने पर मैंने उसके साथ मिलकर नई स्टार्टअप कम्पनी बनाने हेतु बाध्य हो गया।

सफलता का मंत्र

कोई भी व्यवसाय या सामाजिक कार्य इंसानो द्वारा किया जाता है अतः मानवीया गुणो का विकास जैसे प्रेम, जोश, हिम्मत, आत्मविश्वास, लक्ष्य साधना, दूसरो को फायदा पहुँचाना यह अत्य आवश्यक है इसके साथ ही एक सशक्त, बुध्दिमान, अनुभवी एवं स्वस्थ्य टीम का निर्माण, जो कि विश्व स्तरीय व्यापार को करने में सहायक होता है।

कोई पछतावा

बिल्कुल नहीं, ईश्वर का दिया कभी अल्प नही होता है और जो बीच मे तुट जाये वो संकल्प नही होता है। जो कुछ भी किया, ईश्वर की मर्जी से किया तथा व्यक्ति, समाज देश एवं विश्व कल्याण की भावना से किया।

जीवन की सबसे बड़ी प्रेरणा

राष्ट्रभक्ति एवं महापुरूषों की गाथाओं में सदैव प्रेरणा मिलती है। 1996 में मेन्युफेक्चरींग शुरू किया था, तब पता चला कि उत्पादन में सरकारी लालफिताशाही सबसे बड़ा रोड़ा हैं। महिनो चक्कर लगाने और चप्पले घिसने के बाद भी यदि रिश्वत न दे तो काम नही होता था, और यदि होता भी था तब तक छोटा उद्यमी घबराकर व्यवसाय बंद कर देता था। ऐसी परिस्थितियों में मैने लघु उद्यमीयो एवं व्यापारीयों की मदद करने का बीडा उठाया तथा मै उन्हे मुफ्त सलाह देने लगा, सरकारी अधिकारियो एवं मंत्रीयो से मिलवाने लगा तथा विशेषज्ञो द्वारा बहुत ही कम फीस पर उनके रूके हुए काम करवाने लगा।

Scanned with OKEN Scanner

उद्योगपति दीपक भंडारी को स्कॉच एचीवर अवार्ड - 2015

इन्दौर के युवा उद्योगपति श्री दीपक भंडारी को विगत 21 मार्च को नई दिल्ली जंनपथ में आयोजित 39 वी स्कॉच समिट में वित्त, तकनीक, अर्थशास्त्र एवं सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिये 'स्कॉच इंडिया अवार्ड - 2015' से सम्मानित किया गया।

इस भव्य आयोजन में केन्द्रीय अल्पसंख्यक मंत्री श्रीमती नजमा हेपतुल्ला, केन्द्रीय राज्य वित्त मंत्री श्री जयंत सिन्हा, पूर्व केन्द्रीय वित्त मंत्री श्री यशवंत सिन्हा और नवगठित 'नीति आयोग ' के उपाध्यक्ष डॉ अरविंद पानगड़िया भी उपस्थित थे। साथ ही उद्योग जगत एवं मीडिया जगत की भी नामी हस्तियो द्वारा इस कार्यक्रम में शिरकत की गई। पूरे भारत में तकरीबन 5 लाख प्रविष्ठियों के बीच में श्री भंडारी का चुनाव किया गया ।

उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष भी श्री भंडारी को एक नेशनल अवार्ड जो कि केंन्द्रीय उद्योग मंत्री श्री कलराज मिश्रा तथा लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन के द्वारा प्रदान किया गया था तथा स्माल स्केल इंटरप्रेनर का अवार्ड मुख्यमंत्री श्री शिवराजजी चौहान के द्वारा दिया गया था ।

Scanned with OKEN Scanner

केंद्र से राज्य तक के वरिष्ठ राजनेताओं के बीच भंडारी जी की उपस्थित



Scanned with OKEN Scanner

परिवार के बारे में

पुत्री यशस्वी भण्डारी, अमेरीका के मिननसोटा शहर में कार्यरत पुत्र यश भण्डरी, महाराष्ट्र के पूना शहर में कार्यरत (दोनों साफ्टवेयर इंजिनियर) मम्मी श्रीमती ज्योति भण्डारी हाउस वाईफ, श्री प्रकाशचन्द्र भण्डारी व्यवसायी पापा, श्रीमती पुखराजबाई भण्डारी दादी।

सबसे कठिन निर्णय

Science 12th के बाद अचानक कार्मस, लॉ एवं म्यूजिक में ग्रेजुएशन करना। क्योंकि पिता Science Graduation चाहते थे।

सबसे उबाऊ काम जो करना पड़ा हो।

बगैर मन या अपनी खुशी से किया जाने वाला हर काम उबाऊ लगता है ।

सबसे बड़ा बदलाव क्या चाहोगे?

उत्पादों एवं सेवाओ का दायरा देश एवं विदेश में बढाना तथा नई तकनीको को व्यवसाय में सम्मिलित करना ।

पसन्दीदा किताब, रंग, जगह, खाना एवं ज्योतिष में विश्वास?

किताबे तो बहुत सारी है जैसे डेल कारनेगी की चिंता छोडो सुख से जियो एवं लोक व्यवहार, दादाजी द्वारा दी गयी राष्ट्रपिता महात्मा गांधीजी की जीवनी। ज्योतिष में विश्वास बहुत थोडा है।

रंग - सफेद, **जगह**- मुम्बई, हांगकांग, टोकियो, जोहानसवर्ग, दुबई साउथ इण्डिया, **खाना** -दाल बाटी, लड्डू एवं उत्तपम

सबसे बड़ी गलती

रामजाने, ऐसा तो कुछ मुझे लगता नहीं है। मैं गलतियों को Positively लेता हूँ। क्योंकि गलतियां ही हमें सिखाती है, अतः मैं उन्हें गलत नहीं मानता। वही शिक्षक है।

शून्य से शुरूआत करनी हो तो...

एक साल- क्योंकि अनुभव है, कान्टेक्ट है। यही मुकाम हासिल कर सकते हैं।

आने वाले 5 सालो में अपने आप को कहा देखते है?

अपने क्षेत्र में बड़ी कंपनी देश एवं विदेशों में।

Scanned with OKEN Scanner